‘डॉ. अंबेडकर उत्सव धाम योजना’ के अंतर्गत राजस्थान के 568 गाँवों में सामुदायिक भवनों का निर्माण

चर्चा में क्यों?

25 नवंबर, 2022 को राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि ‘डॉ. अंबेडकर उत्सव धाम योजना’ के तहत प्रदेश के 568 गाँवों में सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा, जिनके रख-रखाव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होगी।

प्रमुख बिंदु

- मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि यह योजना केवल ‘प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना’ में चयनित गाँवों पर ही लागू की गई है। सामुदायिक हॉल अथवा भवन बनाने के लिये पायलट फेज में प्रदेश के 568 गाँवों का चयन किया गया है।
- उन्होंने बताया कि सबसे अधिक 103 गाँव श्रीगंगानगर ज़िले में चयनित किये गए हैं। इसके बाद भरतपुर 68, अलवर 47, बाड़मेर 33, जोधपुर व दौसा 31-31 सहित प्रदेश के 32 ज़िलों के चयनित गाँवों में सामुदायिक हॉल/भवन बनेंगे।
- प्रत्येक गाँव में 25-25 लाख रुपए की लागत के सामुदायिक हॉल, भवनों का निर्माण होगा। यह योजना सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के उपक्रम राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित की जा रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dr-ambedkar-utsav-dham-yojana